भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.642

दिनांक 06 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

बासमती चावल के मूल्य की अधिकतम सीमा निर्धारित करना

642. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल :

क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि न्यूनतम निर्यात मूल्य को 1200 अमरीकी डालर प्रति टन पर सीमित करके बासमती चावल के निर्यात पर आर्थिक नियंत्रण लगाने से पंजाब के किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विदेशी बाजारों में बासमती की मांग के कारण किसान इसकी बुआई करते हैं:

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा देश के भीतर बासमती की बिक्री को सीमित करने के लिए प्रतिगामी कदम उठाए जाने के क्या कारण हैं:

(घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इससे देश में बासमती की कीमतों में कमी आएगी और पाकिस्तान का बासमती विदेशी खरीदारों को प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर उपलब्ध होगा;

(ङ) यदि हां, तो इस निर्णय के पीछे दीर्घकालिक औचित्य क्या है:

(च) क्या सरकार बासमती जैसे कृषि उत्पादों की बिक्री पर एकतरफा मनमाने प्रतिबंध लगाने के बजाय किसानों को उनके उत्पाद की बिक्री से कमाई करने की अनुमति देकर उन्हें राहत देने की योजना बना रही है; और

(छ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या योजना बनाई गई है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (छ) बासमती चावल के निर्यात पर मूल्य सीमा का उद्देश्य इसके निर्यात को प्रतिबंधित करना नहीं है। सरकार को इस आशय की विश्वसनीय फ़ील्ड रिपोर्ट प्राप्त हुई थी कि गैर-बासमती सफेद चावल, जिसका निर्यात 20 जुलाई 2023 से प्रतिबंधित कर दिया गया है, को बासमती चावल के एचएस कोड के तहत निर्यात किया जा रहा था। गैर-बासमती चावल के अवैध निर्यात को नियंत्रित करने के लिए, सरकार ने 26 अगस्त 2023 को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को बासमती निर्यात के लिए केवल 1200 अमेरिकी डॉलर

प्रति एमटी और ऊपर के मूल्य पर संविदा पंजीकृत करने के निर्देश जारी किए। हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद, सरकार ने एपीडा द्वारा संविदाओं के पंजीकरण के लिए आधार कीमत को 26 अक्टूबर 2023 से घटाकर 950 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन करने का निर्णय लिया है।

बासमती चावल के निर्यात पर मूल्य प्रतिबंध ने इसके निर्यात को प्रभावित नहीं किया है, जैसा कि 2022-23 और 2023-24 (अक्टूबर तक) के दौरान निर्यात की महीने-वार तुलना में दर्शाया गया है:

बासमती चावल का निर्यात				
मात्रा लाख एमटी में; मूल्य मिलियन अमरिकी डॉलर में				
	2022-23		**2023-24**	
	मात्रा.	**मूल्य**	**मात्रा.**	**मूल्य**
अप्रैल	3.20	324.16	4.25	470.23
मई	3.66	374.09	4.05	446.88
जून	4.40	459.43	3.42	381.43
जुलाई	3.80	409.31	4.37	475.07
अगस्त	3.70	408.15	4.01	451.09
सितम्बर	2.80	303.21	2.98	365.29
अक्टूबर	2.54	266.18	3.01	368.54
कुल	**24.10**	**2544.53**	**26.08**	**2958.52**
स्रोत: डीजीसीआई एंड एस				

***